कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन / फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र. / जन.कार्य. / 2023–24 / 53 दिनांक : 31 / 05 / 2024

प्रति,

श्रीमान संपादक महोदय / ब्यूरोचीफ
ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाशनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

जनसंपर्क अधिकारी

प्रेसनोटः–

कृषि विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी श्री यशवंत इंदापुरकर जी हुए सेवानिवृत्त

ग्वालियर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर में पदस्थ सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी श्री यशवंत इंदापुरकर को सेवानिवृत्ति पर विश्वविद्यालय द्वारा भावभीनी विदाई दी गई।

श्री इंदापुरकर ने वर्ष 1986 से विश्वविद्यालय में अपनी सेवाएँ शुरू की थी। शुक्रवार को विश्वविद्यालयर परिसर में आयोजित विदाई समारोह में कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरविंद कुमार शुक्ला ने कहा कि अपनी पदस्थापना के दौरान श्री इंदापुरकर कार्य–कुशल और संवेदनशील रहे हैं। श्री इंदापुरकर का जीवन सरल, सहज एवं सहनशक्ति पूर्ण रहा है, हमें भी उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए ऐसे गुणों को अपने आचरण में लाने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकारी सेवक के जीवन में सेवानिवृत्ति का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। हमें इसे भी आनंद व उत्साह के रूप में लेना चाहिये। उन्होंने श्री इंदापुरकर के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस कार्यक्रम में कुलसचिव / लेखा नियंत्रक श्री अनिल सक्सेना, निदेशक अनुसंधान सेवायें डॉ. संजय शर्मा, निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. वाय.पी.सिंह, निदेशक शिक्षण एवं छात्र कल्याण डॉ. एन.एस. भदौरिया एवं विश्वविद्यालय के कर्मचारी एवं अधिकारी गण शामिल हुए।